प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर पहुंचा रांची, झारखंड विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि, आज शाम पैतृक गांव घोरबांधा में होगा अंतिम संस्कार।
2. शिक्षा मंत्री के निधन पर एक दिन का राजकीय शोक घोषित, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने जताया शोक।
3. दिवंगत शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा में संस्कार भोज शुरू, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, सांसद पप्पू यादव, योग गुरु बाबा रामदेव, पूर्व सांसद आरके आनंद समेत कई नेता हुए शामिल।
4. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में शुरू की फास्टैग वार्षिक पास की सुविधा, सुगम यात्रा के लिए टोल प्लाजा पर अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त।
5. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आज रांची समेत राज्यभर में हो रहे कई कार्यक्रम, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दी शुभकामनाएं।

**************************

झारखंड के शिक्षा मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का बीती रात नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। रामदास सोरेन का पार्थिव शरीर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लाया गया और झारखंड विधानसभा परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। वहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

विधानसभा परिसर से उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव घोरबाधा के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुआ।

आज शाम चार बजे धुमा कॉलोनी घोरबांधा में राजकीय सम्मान के साथ शिक्षा मंत्री का अंतिम संस्कार किया जाएगा। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

**************************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से झारखंड में शोक की लहर है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और चंपाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल समेत अन्य नेताओं ने शोक जताया है।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगावार ने अपने एक्स संदेश में लिखा है–झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर अत्यंत मर्माहत हूं। उनका जाना राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिखा है–ऐसे छोड़कर नहीं जाना था रामदास दा.. अंतिम जोहार दादा।

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन के समाचार से काफ़ी दुखी हूँ। उनका असमय चले जाना हम सभी को स्तब्ध करता है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

**************************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि रामदास सोरेन के निधन से राज्य को क्षति हुई है।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है।

झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रामदास सोरेन के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया।

झामुमो नेता कुणाल षाड़ंगी ने शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक जताया।

*************************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि आज देशभर में मनाई जा रही है। उनके समाधि स्थल–सदैव अटल जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल संतोष गंगवार ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा कि इस महान व्यक्तित्व ने अपना सपूर्ण जीवन राष्ट्रहित और मानव कल्याण के लिए समर्पित किया।

*************************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत शिबू सोरेन का पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा में आज संस्कार भोज का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, पूर्व सांसद आर के आनंद, योग गुरू बाबा रामदेव नेमरा पहुंच चुके हैं। इसमें राज्यभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के साथ ही कई राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता भी शामिल होंगे।

*************************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आज से पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर फास्टैग वार्षिक पास की सुविधा शुरू कर दी है।

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के नक्सल प्रभावित सारंडा और पोड़ाहाट में चलाए जा रहे अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और अन्य विस्फोटक बरामद किए गए हैं। सिंहभूम कोल्हान रेंज के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में चार एसएलआर राइफल्स भी बरामद की गई हैं।

*************************

लोहरदगा में कृषि विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों को खेती और मछली पालन की जानकारी दी गई।

*************************

राजधानी रांची समेत देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। रांची के पुंदाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर, इस्कॉन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं।

*************************